कैटोवाइस, पोलैंड में होगा
जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 2018 का आयोजन

मासिक घटनाक्रम संग्रह

COP24 · KATOWICE 2018
UNITED NATIONS CLIMATE CHANGE CONFERENCE

दिसम्बर 2018

शक्तिकान्त दास बने नए RBI गवर्नर

HindvanshiEducation.com

✓ भारतीय रेलवे ने केंद्रीय रेल मंत्री को ट्रेनों की समय-समय पर माल ढुलाई और यात्री कमाई जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'ई दृष्टि' नामक केंद्रीय रेलवे सूचना प्रणाली विकसित किया।

✓ भारतीय सेना द्वारा कोंकण नौ सेना युद्ध अभ्यास का आयोजन यूनाइटेड किंग्डम की नौसेना के साथ गोवा में किया जाएगा।

यह युद्ध अभ्यास सामरिक संबंधों में मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2004 में प्रारंभ किया गया था।

✓ भारतीय वायु सेना और अमेरिकी वायुसेना के बीच अंतरराष्ट्रीय वायुसेना अभ्यास 'कोप इंडिया' का तीसरा संस्करण वायुसेना स्टेशन कालीकुंडा, पश्चिमी बंगाल में आयोजित किया जाएगा।

यह सेना अभ्यास पहली बार 2004 में तथा दूसरी बार 2010 में आयोजित किया गया था।

✓ किम्बर्ले प्रोसेस सर्टिफिकेशन स्कीम के तहत ब्रसेल्स, बेल्जियम में आयोजित बैठक की अध्यक्षता भारत द्वारा की जाएगी।

किम्बर्ले प्रोसेस सर्टिफिकेशन स्कीम उद्योग और नागरिकों की एक पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य अवैध हीरे के व्यापार पर रोक लगाना है।

✓ भारत का प्रथम उल्लू उत्सव “भारतीय उल्लू महोत्सव” का आयोजन पुणे के पुरंदर तालुका के पिंगोरी गांव में किया गया।

हिन्दवंशी

✓ G-20 शिखर सम्मेलन का 12वां संस्करण वर्ष 2020 में भारत में आयोजित किया जाएगा।

✓ म्यूनिख में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा भारतीय रानींदर सिंह को फेडरेशन के उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया।

✓ भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने औद्योगिक रूप से उत्पन्न ट्रांसफैट के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए 'हार्ट अटैक रिवाइंड' नामक अभियान की शुरुआत की है।

‘हार्ट अटैक रिवाइंड’ नागरिकों को ट्रांस फैट के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों के बारे में चेतावनी देता है और स्वस्थ विकल्पों के माध्यम से उनसे बचने के तरीके प्रस्तुत करता है।

✓ नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने देश में ड्रोन उड़ाने वालों के लिए ऑनलाइन पोर्टल ‘डिजिटल स्काई’ की शुरुआत की है।

- ✓ सुनील अरोड़ा ने भारत के 23वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में शपथ ली।

- ✓ विश्व बैंक ने जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए 2021-25 का फंड दोगुना कर 200 अरब डॉलर कर दिया है।

- ✓ जनवरी से मार्च 2019 तक भारतीय सेना पूरे तटीय सुरक्षा तंत्र की मजबूती के परीक्षण हेतु Theatre Level Operational Readiness Exercise (TROPEX) रक्षा अभियान का आयोजन करेगा।

  यह युद्धाभ्यास पश्चिमी समुद्री तट पर संयुक्त युद्ध क्षमताओं के विभिन्न पहलुओं का परीक्षण करने के लिए आयोजित किया जाता है।

- ✓ विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस के निर्यातक देश कतर ने ओपेक (OPEC) छोड़ने की घोषणा की।

  वर्ष 1960 में इराक के बगदाद में 15 तेल निर्यातक देशों द्वारा एक अंतर सरकारी संगठन ओपेक की स्थापना की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों की पेट्रोलियम नीतियों का समन्वयन और एकीकरण करना था।

- ✓ विश्व मृदा दिवस हर साल 5 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के खाद्य और कृषि संगठन में मनाया जाता है।

  इस दिवस को मनाने का उदेश्य किसानो और आम लोगों को मिट्टी की महत्ता के बारे में जागरूक करना है।

  वर्ष 2018 में आयोजित विश्व मृदा दिवस का विषय "मिट्टी प्रदूषण को रोकना" है।

- ✓ विश्व सीमा शुल्क संगठन के नीतिगत आयोग का 80 वां सत्र मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित किया गया।

  सीमा शुल्क सहयोग परिषद के रूप में स्थापित विश्व सीमा शुल्क संगठन एक अंतर सरकारी निकाय है, जिसका उद्देश्य सीमा शुल्क प्रशासन की प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ावा देना है।

- ✓ ओडिशा के कंधमाल हल्दी को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया।

  कंधमाल हल्दी अपने उपचार गुणों के लिए प्रसिद्ध है।

- ✓ क्रोएशिया के मिडफील्डर ल्यूका मोडरिक ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी जैसे सितारों को पछाड़कर फीफा के वर्ष 2018 के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार जीता।

हिन्दवंशी

- ✓ पहले भारत-आसियान इन्नोटेक शिखर सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।

  इसका आयोजन भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) द्वारा विदेश मंत्रालय के विज्ञान व तकनीक विभाग के साथ मिलकर किया गया।

- ✓ दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सायरिल राम्फोसा भारत के गणतंत्र दिवस 2019 समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

- ✓ एशियाई विकास बैंक ओडिशा में कौशल विकास सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये 8.50 करोड़ का कर्ज उपलब्ध कराएगा।

  इसके लिए भुवनेश्वर में एक आधुनिक कौशल प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

- ✓ भारतीय तटरक्षक बल ने पोर्ट ब्लेयर से समुद्र में 'स्वच्छ सागर-2018' नामक क्षेत्रीय स्तर समुद्री तेल प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास का आयोजन किया।

  यह समुद्र में खनिज तेल के बह जाने के कारण होने वाले प्रदूषण को रोकने की तैयारी से संबंधित था।

- ✓ भारतीय वायु सेना और रूसी वायु सेना के बीच 'एविया इंद्रा' (AVIAINDRA) युद्धाभ्यास का दूसरा संस्करण राजस्थान के वायुसेना स्टेशन जोधपुर में आयोजित किया गया।

- ✓ केरल के कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के साथ केरल चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के साथ देश के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला राज्य बन गया है।

  राज्य के अन्य तीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे त्रिवेंद्रम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा हैं।

- ✓ पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने सोशल मीडिया पर 'अनबीटन' नामक वीडियो पोस्ट करके क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है।

- ✓ फोर्ब्स द्वारा विश्व की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की जारी की गई सूची में जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल लगातार आठवीं बार पहले स्थान पर रही हैं।

- ✓ राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने प्रदूषण की समस्या को दूर करने में विफल होने के लिए दिल्ली सरकार पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

हिन्दवंशी

- ✓ हिन्दी में लेखिका चित्रा मुद्गल को उनके उपन्यास 'पोस्ट बॉक्स नं. 203-नाला सोपारा' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार-2018 से सम्मानित किया जाएगा।

- ✓ नासा का महत्वकांक्षी यान ओसीरिस-रेक्स (OSIRIS-Rex) लगभग दो वर्ष की यात्रा के बाद क्षुद्र ग्रह 'बेन्नू' पर पहुंचा।

  OSIRIS-REx मिशन को सितम्बर, 2016 में बेन्नु के अध्ययन के लिए प्रक्षेपित किया गया था।

  यह नासा का ऐसा पहला मिशन है जिसके द्वारा क्षुद्रग्रह की सतह का सर्वेक्षण किया जाएगा।

- ✓ जर्मनवॉच द्वारा जलवायु जोखिम सूचकांक-2019 जारी किया गया।

  यह सूचकांक मौत और आर्थिक नुकसान के मामले में मौसमी घटनाओं तूफान, बाढ़ इत्यादि के मात्रात्मक प्रभाव का विश्लेषण करता है।

  इस सूचकांक में भारत को पिछले 20 वर्षों की जलवायु संबंधी घटनाओं के आधार पर 14वें स्थान पर रखा गया है।

- ✓ संरक्षणवादी इमरान सिद्दीकी को अभयारण्य वन्यजीव सेवा पुरस्कार -2018 से सम्मानित किया गया है।

- ✓ यूरोपीय संघ ने नई दिल्ली स्थित मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन में भारत का पहला जीन मॉनेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की।

  यह संस्कृति, साहित्य, शिक्षा और समाज में भारत-यूरोपीय संघ के अंतःविषय अध्ययनों को आगे बढ़ाने के लिए €1,00,000 के अनुदान के साथ स्थापित किया गया।

- ✓ भारत के पूर्व आर्थिक मामलों के सचिव और वित्त आयोग के वर्तमान सदस्य शक्तिकांत दास को 25वें आरबीआई गवर्नर के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

- ✓ अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस प्रतिवर्ष 11 दिसंबर को आयोजित किया जाता है।

  यह जैव विविधता में पहाड़ों के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए खाद्य और कृषि संगठन द्वारा मनाया जाता है।

  अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस के 2018 संस्करण का विषय "# माउंटेंस मैटर" है।

हिन्दवंशी

- ✓ मंदिरों से निकलने वाले हजारों टन फूलों के अपशिष्ट की रीसाइकिलिंग कर गंगा नदी की सफाई में जुटे भारतीय स्टार्टअप 'हेल्प अस ग्रीन' (help us green) को संयुक्त राष्ट्र ने विशेष सम्मान से नवाजा है।

- ✓ पेरिस, फ्रांस में विश्व की प्रथम लंबी दूरी की बैटरी संचालित बस सेवा का शुभारंभ किया गया।

- ✓ भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नवीकरण, संरक्षण और समुदाय आधारित बाढ़ जोखिम प्रबंधन गतिविधियों के लिए 60 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

  इस परियोजना के तहत ब्रह्मपुत्र नदी के साथ तीन उप परियोजना क्षेत्रों – पलसबारी गुमी, काजीरंगा और डिब्रूगढ़ में संरचनात्मक और गैर-संरचनात्मक उपायों को वित्तीय मदद प्रदान किया जाएगा।

- ✓ राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल ने थूथुकुडी स्टरलाइट प्लांट संयंत्र को पुनः स्थापित करने के आदेश दिए, जिसे तमिलनाडु सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देने घोषणा की है।

  यह संयंत्र मई 2018 में तमिलनाडु सरकार द्वारा स्थानीय लोगों के हिंसक विरोध के उपरांत बंद कर दिया गया था।

- ✓ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में मूल वेतन पर सरकार के योगदान को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने की मंजूरी दी है।

- ✓ आईआईटी खड़गपुर ने साइबर सुरक्षा शिक्षा के लिए डीएससीआई एक्सीलेंस अवार्ड 2018 जीता।

  डीएससीआई (डाटा सिक्यूरिटी कौंसिल ऑफ़ इंडिया) की स्थापना नैसकॉम द्वारा की गई है।

- ✓ भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG) राजीव महर्षि संयुक्तराष्ट्र ऑडिटर समिति के उपाध्यक्ष चुने गए हैं।

  संयुक्तराष्ट्र ऑडिटर समिति में संयुक्तराष्ट्र और उसकी एजेंसियों के बही खातों का आडिट करने वाले बाहरी ऑडिटर रखे जाते हैं।

- ✓ 'सतत जल प्रबंधन पर पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस मोहाली, पंजाब में आयोजित किया जा रहा है।

  सम्मेलन का उद्देश्य सरकार, वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक समुदायों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोगिता एवं संवाद को बढ़ावा देना है।

  इस सम्मेलन में भारत सहित ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, अमेरिका, दक्षिण कोरिया, कनाडा, जर्मनी देशों के विख्यात संगठनों के विशेषज्ञ भाग लेंगे।

हिन्दवंशी

- ✓ मेघालय हाईकोर्ट ने संसद से एक कानून लाने का अनुरोध किया है ताकि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आने वाले हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी, ईसाई, गारो, खासी और जयंतिया लोगों को बिना किसी सवाल या दस्तावेजों के नागरिकता मिले।

  कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी लिखा है कि विभाजन के समय भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए था।

- ✓ जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन का 24 वां सम्मेलन (कैटोवाइस जलवायु परिवर्तन सम्मेलन-2018) केटोवाइस, पोलैंड में आयोजित किया गया।

- ✓ बैलार्ड पियर, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल की आधारशिला रखी गई।

  इस परियोजना के तहत मुंबई पोर्ट ट्रस्ट अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल के आधुनिकीकरण और विस्तार का कार्य संभालेगा और पांच बंदरगाहों -मुंबई, गोवा, मैंगलोर, चेन्नई और कोच्चि को क्रूज़ केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा।

- ✓ संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित संकल्प के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय प्रवास दिवस 18 दिसंबर को अपनाया गया।

  इस दिन विभिन्न देशों में कई अंतर सरकारी और गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) मानव अधिकारों और लोगों के बीच प्रवासियों की मौलिक राजनीतिक स्वतंत्रता पर जानकारी प्रसारित करते हैं।

  अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दिवस 2018 का विषय “विनम्रता के साथ प्रवासन” है।

- ✓ केंद्र सरकार ने भारत सरकार में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में वकील माधवी गोराडिया दीवान को नियुक्त किया है।

- ✓ अमेरिका की सुप्रसिद्ध शब्दकोश कंपनी “मरियम-वेबस्टर” द्वारा “न्याय” को वर्ष 2018 के शब्द के लिए चयनित किया गया है।

- ✓ भारत का सबसे बड़ा कैंसर संस्थान, राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (NCI), सार्वजनिक सेवाओं के लिए हरियाणा के झज्जर में खोला गया है।

- ✓ जम्मू-कश्मीर देश में पहला राज्य बन गया है, जहां महिलाओं के यौन शोषण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को लागू किया गया है।

हिन्दवंशी

✓ भारत की प्रसिद्ध टेबल टेनिस खिलाड़ी मणिका बत्रा को आईटीटीएफ ब्रेकथ्रू टेबल टेनिस स्टार अवार्ड प्रदान किया गया।

वे यह अवार्ड जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं।

✓ दिल्ली उच्च न्यायालय ने ऑनलाइन फार्मेसी द्वारा इंटरनेट पर दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी।

✓ आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में चक्रवाती तूफान फेथाई ने दस्तक दी।

✓ भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स का खिताब जीत लिया है।

उन्होंने फाइनल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

✓ बेल्जियम ने ओडिशा के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए फाइनल में शूटआउट में नीदरलैंड को 3-2 से हराकर हॉकी विश्व कप 2018 का खिताब अपने नाम कर लिया।

✓ अंग्रेजी के प्रतिष्ठित साहित्यकार अमिताव घोष को वर्ष 2018 के लिए 54वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया है।

ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित होने वाले वे अंग्रेजी के पहले लेखक हैं।

हिन्दवंशी

✓ नीति आयोग ने न्यू इंडिया के लिए अपनी व्यापक राष्ट्रीय रणनीति “India@75 रणनीति” जारी किया।

इसमें 2022-23 के लिए सरकार के लक्ष्यों को चिह्नित किया गया है जिसके तहत कुल 41 महत्वपूर्ण क्षेत्रों का जिक्र किया गया है, जिसमें पहले से हो रहे विकास कार्यों की पहचान की जाएगी तथा विकास की राह में बाधा बन रहे पहलुओं की पहचान करके विकास के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए सुझाव दिए जाएंगे।

साथ ही “India@75 रणनीति” अभियान के तहत भारत को वर्ष 2022-23 तक 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की कोशिश की जाएगी।

✓ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को प्रदेश के समग्र विकास में उनके अहम योगदान के लिए ‘स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवार्ड’ से सम्मानित किया जाएगा।

✓ BCCI ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम कोच के रूप में डब्ल्यू वी रमन को नियुक्त किया है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच की दौड़ में गैरी कर्स्टन, वेंकटेश प्रसाद और डब्ल्यू वी रमन के नाम शामिल थे।

- ✓ भारत और चीन ने चीन के चेंगदू शहर में 'Hand-in-Hand' सैन्य अभ्यास का समापन किया।

  यह 'Hand-in-Hand' सैन्य अभ्यास का 7 वां संस्करण था।

- ✓ इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा जारी "फीफा वैश्विक रैंकिंग 2018" के अनुसार बेल्जियम की फुटबॉल टीम को प्रथम स्थान प्रदान किया गया।

- ✓ पुणे की 20 साल की वेदांगी कुलकर्णी साइकल पर सबसे तेज दुनिया का चक्कर लगाने वाली एशियाई महिला बन गयी हैं।

- ✓ चीन ने दुनिया भर में उपयोगकर्ताओं को ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए अपना पहला संचार उपग्रह लॉन्च किया है।

  यह चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन का चीन के "होंग्युन प्रोजेक्ट" के तहत पहला उपग्रह प्रक्षेपण है।

- ✓ जैसलमेर स्थित पोखरण फायरिंग रेंज में स्वदेशी एंटी टैंक मिसाइल "हेलिना" के अपग्रेडेड वर्जन का सफल परीक्षण किया गया।

  भारत में निर्मित नाग मिसाइल मुख्यता चार श्रेणियों में विभाजित है, जिनमें "नेमिका" जंगी जहाज से और "हेलिना" हेलिकॉप्टर से दागी जा सकती है।

- ✓ तमिलनाडु के थिरुवियारु में देश का पहला संगीत संग्रहालय स्थापित करने की घोषणा की गई है।

  थिरुवैयारु संत त्यागराज का जन्मस्थल है जो कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति में से एक हैं।

- ✓ भारत के सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C DAC) ने फ्रांस की आईटी सेवा कंपनी एटोस के साथ उसके उच्च क्षमता वाले सुपरकंप्यूटर बुल सेक्यूआना का भारत में निर्माण और स्थापना करने के तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किया हैं।

  एटोस को 4500 करोड़ रुपए का यह अनुबंध नेशनल सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत दिया गया है।

  इस योजना का मकसद विभिन्न शैक्षणिक और शोध संस्थानों के लिये 70 से अधिक उच्च प्रदर्शन वाले सुपरकंप्यूटिंग सुविधाओं का नेटवर्क सृजित करना है।

हिन्दवंशी

- ✓ नीदरलैंड्स के इंजीनियरों ने वन्य प्राणियों को नया जीवन देने के उद्देश्य से पांच कृत्रिम द्वीपसमूह बनाए हैं।

- ✓ हरियाणा सरकार ने शिक्षा सेतु एप्प लॉन्च किया है।

  इस ऐप के जरिए छात्रों को हरियाणा के स्कूल और कॉलेज में अटेंडेंस, फीस, ऑनलाइन एडमिशन और सरकारी स्कॉलरशिप के बारे में जानकारी मिलेगी।

- ✓ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'चेंजिंग इंडिया' का दिल्ली में विमोचन किया गया।

  इस पुस्तक में मनमोहन सिंह के जीवन चरित्र सहित भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीति मुद्दों का उल्लेख किया गया है।

- ✓ वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) की वर्ष 2018 की लैंगिक असमानता रिपोर्ट में भारत को 108वां स्थान प्राप्त हुआ है।

  यह लगातार दसवां साल है जब आइसलैंड पहले स्थान पर रखा गया है।

- ✓ विश्व बैंक द्वारा जारी रिपोर्ट "इन द डार्क" के अनुसार 137 देशों की सूची में भारत भरोसेमंद बिजली आपूर्ति के लिए 80वें स्थान पर है।

  रिपोर्ट के अनुसार 2018 में भारत ने सभी गांवों में बिजली पहुंचाई लेकिन इस उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद भारत को अभी भी बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विद्युत की काफी जरूरत है।

- ✓ अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने नोवाक जोकोविक को पुरुष वर्ग और सिमोना हालेप को महिला वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन घोषित किया है।

- ✓ पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान (चिड़ियाघर) में H5N1 से संक्रमण के कारण 6 मोरों की मौत के बाद उसे अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है।

- ✓ केंद्र सरकार ने अंडमान के रॉस द्वीप, नील द्वीप और हैवलॉक द्वीप का नाम बदलने का फैसला किया है।

  रॉस, नील और हैवलॉक द्वीपों को क्रमशः सुभाष चंद्र बोस द्वीप, शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप नाम दिया जाना प्रस्तावित है।

हिन्दवंशी

- ✓ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रह्मपुत्र नदी पर देश का सबसे लंबा रेल और रोड ब्रिज (बोगीबिल पुल) का उद्घाटन किया।

  यह पुल असम और अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तर और दक्षिण तट के बीच संपर्क की सुविधा प्रदान करेगा।

  करीब 4.94 किलोमीटर लंबा यह रेल और रोड ब्रिज अरुणाचल सीमा से सटे होने के कारण सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

- ✓ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने 25 दिसम्बर 2018 को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राज्य के ग्रामीण छात्रों के लिए भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना करने की घोषणा की।

- ✓ 24 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विधेयक पारित होने के उपलक्ष्य में भारत में 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

  राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2018 का विषय "उपभोक्ता शिकायतों का समयबद्ध निपटान" था।

- ✓ भारतीय रिजर्व बैंक ने पूर्व गवर्नर बिमल जालान की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।

  यह समिति "इकोनॉमिक कैपिटल फ्रेमवर्क" पर सुझाव देगी, जिसका मुख्य उद्देश्य केंद्रीय बैंक को अपने भंडार को संभालने और अपने अधिशेष को सरकार को हस्तांतरित करना है।

- ✓ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को बांग्लादेश के आम चुनावों में लगातार तीसरी बार बहुमत प्राप्त हुआ।

  शेख हसीना के नेतृत्व वाली पार्टी अवामी लीग ने 300 में से 260 सीटों पर बहुमत हासिल किया।

तमसो मा ज्योतिर्गमय
हिन्दवंशी
HINDVANSHI
HindvanshiEducation.com